फा.सं. 13035-13/2016-रा.भा.ए.

भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

राजभाषा प्रभाग

शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001

दिनांक 24 जुलाई, 2018

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- मानव संसाधन विकास मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की दिनांक 14 मई, 2018 को हुई बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुपालनात्मक कार्रवाई के बारे में।

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी की अध्यक्षता में मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की दिनांक 14 मई, 2018 को हुई बैठक में माननीय मंत्री जी ने यह निर्देश दिए थे कि:-

1. धारा 3(3) का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए;
2. मूल पत्राचार हिन्दी में किया जाए;
3. सेवा पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां हिन्दी में की जाएं;
4. फाइलों पर कार्य हिन्दी में किया जाए; तथा
5. शोध ऐसे विषयों पर किया जाए जिससे समाज का कल्याण हो, राष्ट्र का उन्नयन हो।

कृपया इन विषयों पर आवश्यक कार्रवाई करने तथा की गई कार्रवाई की सूचना भिजवाने की व्यवस्था करें।

(सुनीति शर्मा)
निदेशक (रा.भा.)
दूरभाष 23380429

<u>वितरण:-</u>

1. मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दोनों विभागों के सभी ब्यूरो प्रमुख
2. मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दोनों विभागों के सभी कार्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुख